तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 27 .8 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 19 जुलाई 2024

11 वेतन न मिलने से सिंचाई विभाग के कर्मियों में रोष


12 एचएसवीपी में कर्मियों का धरना छठे दिन भी रहा जारी


## खबर संक्षेप

### भाजयुमो हरियाणा की कार्यकारिणी बैठक आज

**राई।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली के आह्वान पर प्रदेश युवा मोर्चा की विस्तृत कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा योगेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में सोनीपत में 19 जुलाई में आयोजित होगी। भाजपा युवा नेता योगेश जठेड़ी ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। विशिष्ट अतिथि मोहन लाल बड़ोली, फणींद्रनाथ शर्मा प्रदेश संगठन महामंत्री, पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा, अभिनव प्रकाश राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा , राष्ट्रीय सचिव गौरव गौतम, हरियाणा प्रभारी भव्य बिश्नोई विशेष रूप से उपस्थित होंगे।

### महिला को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**गन्नौर।** कनक ढाबे के पास जीटी रोड पार कर रही महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला घायल हो गई। राहगीरों ने महिला को अस्पताल में दाखिल कराया, जहा महिला को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं चालक मौके से फरार हो गया। बडी थाना प्रभारी युद्धवीर ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। अभी महिला की पहचान नहीं हो सकी है।

### महिला से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना सदर गोहाना की पुलिस टीम ने महिला से दुष्कर्म करने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी गांव जागसी निवासी सोनू पुत्र पाले राम है। एक महिला ने शिकायत दी थी कि सोनू पुत्र पाले राम उसके पति के साथ बिजली का काम करता था। 8 जून को उसका पति काम सेबाहर गया हुआ था। सोनू उसे अकेला देखकर उनके घर के अंदर घुस आया और जबरदस्ती दुष्कर्म करने की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने इस मामले में गिरफ्तार आरोपित को न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया।

### महिला ने घर में घुसकर मारपीट का आरोप लगाया

**गोहाना।** गांव खानपुर खुर्द की एक महिला ने कई लोगों पर घर में घुसकर उससे और उसके स्वजन से मारपीट करने का आरोप लगाया। मारपीट में चार व्यक्ति घायल हो गए। घायलों को नागरिक अस्पताल गोहाना लाया गया। राजकला ने बताया कि उनके परिवार में शादी थी। उसका पति रमेश व छोटा बेटा विनय बारात में गए थे। वह और उसकी पुत्रवधू घर पर थी। उसी समय कुछ लोग हथियार लेकर उनके घर में घुस आए। उससे और उसकी पुत्रवधू से मारपीट की। उसी समय उसके पति भी बारात से लौटे थे, जिससे भी मारपीट की गई। शोर मचाने पर उनके परिवार के लोग मौके पर आए। सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जब वे अस्पताल गए तो वहां पर उसका बेटा विनय भी दाखिल मिला। झगड़े में राजकला, विनय, विकास व रमेश घायल हो गए।

# पोर्टल खुलने से कॉलेजों में दाखिलों से वंचित विद्यार्थियों को मिली राहत

**स्नातक पाठ्यक्रमों में शुरू हुआ फिजीकल काउंसिलिंग का दौर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

महाविद्यालयों में पिछले माह से शुरू हुई दाखिला प्रक्रिया के तहत अब ओपन काउंसिलिंग का दौर शुरू हो गया है। वीरवार को दोबारा से आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसके तहत पोर्टल को खोला गया। जिन विद्यार्थियों का वरीयता सूची में नाम नहीं आया था, उनके लिये यह एक मौका है। ये विद्यार्थी नए आवेदन कर फिजिकल काउंसिलिंग में शामिल हो सकते हैं और अपना दाखिला पक्का कर सकते हैं। पोर्टल खुलने के बाद वीरवार को नए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की महाविद्यालयों में काफी संख्या में भीड़ पहुंचीं। विद्यार्थियों के ओपन काउंसिलिंग में शामिल होने के बाद महाविद्यालयों के प्रबंधनों ने भी राहत की सांस ली है। क्योंकि महाविद्यालयों में अभी तक 50 प्रतिशत के करीब सीटें खाली हैं। उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने महाविद्यालयों में दाखिले के लिए 03 जून से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की थी। जिसकी अंतिम तिथि 25 जून निर्धारित की गई थी। हालांकि निर्धारित तिथि तक भी महाविद्यालयों में प्राप्त आवेदनों की संख्या सीटों से भी कम रहने पर अंतिम तिथि को बढ़ाकर 30 जून कर दिया था। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 05 जुलाई को पहली और 12 जुलाई को दूसरी फाइनल वरीयता सूची जारी की गई थी। दोनों चरणों की दाखिला प्रक्रिया संपन्न होने के बाद भी अधिकतर महाविद्यालयों में करीब 50 फीसदी सीटें रिक्त रहीं। जिसे देखते हुए उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने नए आवेदनों के लिए एक बार फिर से पोर्टल खोल दिया है। जिससे महाविद्यालय प्रबंधन की भी रिक्त सीटों पर दाखिले होने की आस जगी है।



सोनीपत। हिंदू महाविद्यालय में फिजिकल काउंसिलिंग के दौरान दाखिला लेने पहुंचे विद्यार्थियों से बातचीत करते प्राचार्य।

### नहीं करना होगा वरीयता सूची का इंतजार

महाविद्यालय प्रबंधन का कहना है कि नए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को अब किसी वरीयता सूची का इंतजार नहीं करना होगा। उन्हें रिक्त सीटों पर फिजिकल काउंसिलिंग के तहत दाखिला मिल सकेगा। हालांकि विद्यार्थियों को इसके लिए विलंब शुल्क वहन करना होगा। विद्यार्थियों को 24 जुलाई तक 100 रुपये विलंब शुल्क वहन करना होगा। इसके उपरांत 30 जुलाई तक प्रतिदिन के हिसाब से 100 रुपये विलंब शुल्क लगेगा।

## सोनीपत आईटीआई में तीसरी मेरिट लिस्ट जारी

- 22 जुलाई तक सत्यापित करवाने होंगे दस्तावेज
- 33 ट्रेडस की 964 सीटों के लिए 246 का चयन

**सोनीपत।** आईटीआई में चल रही दाखिला प्रक्रिया के तहत वीरवार को तीसरी मैरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। जिसके तहत सोनीपत आईटीआई की 33 ट्रेडस की 964 सीटों के लिये 246 विद्यार्थियों को शामिल किया गया है। सोनीपत आईटीआई की तीसरी मैरिट लिस्ट में सबसे अधिक विद्यार्थी रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग तकनीशियन व मैकेनिकल मोटर वहीकल ट्रेडस में शामिल किए गए हैं। तीसरी वरीयता सूची में शामिल विद्यार्थियों को 22 जुलाई तक दस्तावेज सत्यापित करने या फीस जमा करवाने के लिए 23 जुलाई तक का समय दिया गया है। जिले की 13 आईटीआई में 3956 सीटों पर दाखिला प्रक्रिया चल रही है। इससे पहले इन सीटों के लिए 7 से 25 जून तक आवेदन प्रक्रिया चली थी। 28 जून को पहली वरीयता सूची जारी की गई थी। जिसमें 33 ट्रेडस की 964 सीटों पर 467 विद्यार्थियों का नाम शामिल किया गया था। निर्धारित 03 जुलाई तक फीस जमा करवाते हुए इनमें से 228 विद्यार्थियों ने ही अपना दाखिला सुनिश्चित करवाया था। वहीं दूसरी वरीयता सूची में 186 विद्यार्थियों का नाम शामिल किया गया था। इनमें से 115 विद्यार्थियों ने फीस जमा करते हुए अपना दाखिला करवाया है। सोनीपत आईटीआई में विभिन्न ट्रेड्स की 964 सीटों पर दो चरणों की दाखिला प्रक्रिया में 343 विद्यार्थियों ने अपना दाखिला सुनिश्चित करवाया है। अब शेष 621 सीटों पर दाखिले होने हैं। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सोनीपत के प्राचार्य विक्रम सिंह का कहना है कि आईटीआई में वीरवार को तीसरी वरियता सूची जारी कर दी गई है। जिसमें 246 विद्यार्थियों को शामिल किया गया है। वरीयता सूची में शामिल विद्यार्थी 22 जुलाई तक दस्तावेज सत्यापित करवाने के साथ 23 जुलाई तक फीस जमा करवाकर अपना दाखिला सुनिश्चित कर सकते हैं। अब तक 964 सीटों पर 343 विद्यार्थियों ने अपना दाखिला सुनिश्चित करवाया है। जबकि अभी 621 सीटें रिक्त हैं।

### किस ट्रेड की कितने विद्यार्थी

| ट्रेड | शामिल विद्यार्थी |
|---|---|
| कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट | 19 |
| ड्राफ्ट्समैन (सिविल) | 08 |
| ड्राफ्ट्समैन (मैकेनिकल) | 05 |
| इलेक्ट्रिशियन (एनएसक्यूएफ) | 13 |
| इलेक्ट्रिशियन (एनएसक्यूएफ) ड्यूल | 07 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक (एनएसक्यूएफ) | 10 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक (एनएसक्यूएफ) ड्यूल | 02 |
| फिटर (एनएसक्यूएफ) | 16 |
| लिफ्ट एंड एस्केलेटर मैकेनिक (एनएसक्यूएफ) | 01 |
| मशीनिष्ट (एनएसक्यूएफ) | 20 |
| मैकेनिक (मोटर व्हीकल) (एनएसक्यूएफ) | 25 |
| मैकेनिकल डीजल (एनएसक्यूएफ) | 14 |
| मैकेनिकल डीजल (एनएसक्यूएफ) ड्यूल | 07 |
| पेंटर जनरल (एनएसक्यूएफ) | 04 |
| प्लंबर (एनएसक्यूएफ) | 10 |
| प्लंबर (एनएसक्यूएफ) ड्यूल | 01 |
| रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग तकनीशियन (एनएसक्यूएफ) | 24 |
| स्टेनोग्राफर एंड सेक्रेट्रियल असिस्टेंट, अंग्रेजी (एनएसक्यूएफ) | 08 |
| स्टेनोग्राफर एंड सेक्रेट्रियल असिस्टेंट, अंग्रेजी (एनएसक्यूएफ) ड्यूल | 06 |
| स्टेनोग्राफर एंड सेक्रेट्रियल असिस्टेंट, हिंदी (एनएसक्यूएफ) | 06 |
| स्टेनोग्राफर एंड सेक्रेट्रियल असिस्टेंट, हिंदी (एनएसक्यूएफ) ड्यूल | 04 |
| टूल एंड डाई मेकर (एनएसक्यूएफ) | 03 |
| टर्नर (एनएसक्यूएफ) | 03 |
| वेल्डर (एनएसक्यूएफ) | 11 |
| वायरमैन (एनएसक्यूएफ) | 17 |
| वुड वर्क तकनीशियन (एनएसक्यूएफ) | 02 |
| कुल सीट अलॉटमेंट | 246 |

## फर्जी तरीके से बनवाया विवाह प्रमाण पत्र महिला बैंक मैनेजर के खिलाफ केस दर्ज

- आरोपी महिला ने पति से तलाक के लिए फैमिली कोर्ट में याचिका दायर की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

एक बैंक की महिला प्रबंधकीय अधिकारी पर फर्जी तरीके से विवाह प्रमाण पत्र बनवाने पर शहर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। महिला ने अपने पति से तलाक के लिए रोहतक के फैमिली कोर्ट में याचिका दायर की थी। उस याचिका में विवाह प्रमाण पत्र संलग्न किया गया। पति ने दावा किया कि विवाह प्रमाण पत्र बनवाने के लिए वह और उसके परिवार की तरफ से कोई भी रजिस्ट्रार के सामने पेश नहीं हुआ। फर्जी हस्ताक्षरों, शपथ पत्र और गवाहों से मैरिज सर्टिफिकेट बनवाया गया।

पति ने इस संबंध में गोहाना में पुलिस अधिकारियों को शिकायत दी लेकिन कार्रवाई नहीं की। इस पर उसने न्यायालय की शरण ली। अब न्यायालय के आदेश पर शहर थाना में पत्नी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। पानीपत के मॉडल टाउन में रहने वाले करण रोहिल्ला ने शिकायत दी कि अप्रैल 2019 में उसकी शादी बैंक अधिकारी अन्नु रोहिल्ला से असामान्य परिस्थितियों में हुई थी।

अन्नु की शादी रोहतक के किसी अन्य व्यक्ति के साथ तय हुई थी लेकिन दो दिन पहले किसी कारण से टूट गई थी। शादी की तैयारी पूरी हो चुकी थी और आनन-फानन में रिश्तेदारों के दबाव में उससे शादी की गई। शादी के बाद दोनों पुणे में रहने लगे थे। अन्नु एक बैंक में प्रबंधकीय अधिकारी है और वर्तमान में अहमदाबाद में तैनात है। अन्नु ने रोहतक के फैमिली कोर्ट में तलाक के लिए याचिका दायर की थी। वहां पर विवाह प्रमाण पत्र संख्या 1876 पेश किया गया। करण ने दावा किया कि वह और उसके परिवार का कोई भी सदस्य विवाह प्रमाण पत्र बनवाने के लिए विवाह रजिस्ट्रार गोहाना के सामने पेश नहीं हुए। पंजीकरण करवाने के लिए फर्जी दस्तावेज, शपथ पत्र तैयार करवाए गए और नकली हस्ताक्षर किए। पंजीकरण प्रक्रिया के समय अधिकारी के सामने उसकी और उसके माता-पिता की जगह दूसरे लोगों को खड़ा किया गया। अन्नू ने षड्यंत्र के तहत जालसाजी की और विवाह रजिस्ट्रार गोहाना के कार्यालय से विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी करवाया।

### हाइड्रा की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत

**गन्नौर।** पिपली खेड़ा गांव में खेत से घर लौट रहे व्यक्ति को हाईड्रा ने टक्कर मार दी। चालक ने हाईड्रा को व्यक्ति के ऊपर चढ़ा दिया। राहगीरों ने घायल को अस्पताल में दाखिल कराया, जहा डॉक्टर ने घायल को मृत घोषित कर दिया। शिकायत में पिपली खेड़ा निवासी धर्मपाल ने बताया कि वह 18 जुलाई को अपने बेटे राजीव के साथ खेत से काम खत्म कर घर लौट रहा था। राजीव उससे आगे चल रहा था। इस दौरान राजीव को एक हाइड्रा ने टक्कर मार दी और उसके बाद चालक ने हाईड्रा को राजीव के ऊपर चढ़ा दिया। जिस कारण राजीव की मौत हो गई। चालक हाईड्रा को छोड़ मौके से फरार हो गया। बड़ी थाना प्रभारी युद्धवीर ने बताया कि मामला दर्ज कर हाईड्रा को अपने कब्जे में ले लिया और चालक की तलाश शुरू कर दी। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कुलपति की शिकायत सीएम से करेंगे

- शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारियों व शोधार्थियों का धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में धरना दे रहे शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारियों व शोधार्थियों ने वीरवार को भी अपना अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा व विश्वविद्यालय प्रशासन की नीतियों के खिलाफ खूब नारेबाजी की। धरने का संचालन कर रहे विश्वविद्यालय की शिक्षक यूनियन (डीक्रूटा) के प्रधान डॉ. सुरेंद्र दहिया ने बताया कि कुलपति ने विश्वविद्यालय में फाइलों पर अनावश्यक क्वेरी लगाकर उनको अटकाने और सभी मामलों में अनावश्यक कमेटियां बनाने के अलावा कोई भी काम नहीं किया है और ऐसा ही हाल विश्वविद्यालय के कुलसचिव का है, जोकि कुलपति को ऐसा करने की सलाह देते हैं। डॉ. सुरेंद्र दहिया ने कहा कि विश्वविद्यालय में 19 जुलाई को मुख्यमंत्री आ रहे हैं, धरना दे रहे सभी लोग मुख्यमंत्री से मिलेंगे और कुलपति व रजिस्टर को हटाने के लिए निवेदन करेंगे। इस मौके पर गैर-शिक्षक कर्मचारी यूनियन (डीक्रयू) के प्रधान आनंद राणा ने कहा कि अब हमारी एक ही माँग है -कुलपति एवं रजिस्टर हटाओ, यूनिवर्सिटी बचाओ, इसी को लेकर सभी कल मुख्यमंत्री से मिलेंगे। धरनास्थल पर प्रो. अमिता रानी, प्रो. नवनीत हुड्डा, प्रो. सुखदीप सांगवान, डॉ. अजमेर, डॉ. संजीव इंदौरा, गैर-शिक्षक कर्मचारी यूनियन (डीक्रयू) से सुरेश कुमार, प्रवेश त्यागी, राज कुमार, अजय, नरेंद्र, कुलदीप, गौरव वालिया, विनोद, रंजीत आदि उपस्थित रहे।



सोनीपत। मुरथल विवि में धरना देते हुए कर्मचारी।

### शहर के प्रॉपर्टी मालिकों को देना होगा गार्बेज चार्ज

**सोनीपत।** शहरी स्थानीय निकाय ने कचरा संग्रह और परिवहन के लिए उपयोगकर्ता शुल्क की घोषणा की है। ऐसे में सोनीपत नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले लोगों को कूड़ा संग्रह व परिवहन सेवाओं के लिए उपयोगकर्ता शुल्क (गार्बेज चार्ज) देना होगा।

ऐसे में सोनीपत शहर के 1.62 लाख प्रॉपर्टी मालिकों को गार्बेज चार्ज के लिए अपनी जेब ढीली करनी पड़ेगी। शहरी स्थानीय निकाय के इस निर्णय का उद्देश्य शहरी विकास की स्थिरता में सुधार करना है और साथ ही स्वच्छता को बनाए रखने में मदद करना है। सोनीपत नगर निगम क्षेत्र में जेबीएम की ओर से कूड़ा उठान किया जाता है। निगम क्षेत्र में रोजाना 180 टन कूड़े का उठान किया जाता है। शहरी स्थानीय निकाय ने आदेश जारी करके कई शहरों में गार्बेज चार्ज से लोगों को मुक्ति दी है। मुख्यालय के इस आदेश में सोनीपत नगर निगम क्षेत्र के लोगों को कोई राहत नहीं मिली है। उन्हें पहले की तरह गार्बेज चार्ज पहले जमा करना होगा। घर-घर कूड़ा संग्रह के दौरान संबंधित एजेंसी प्रॉपर्टी मालिकों से हर माह गार्बेज चार्ज लेती है। प्रदेश सरकार ने सोनीपत निगम क्षेत्र से कूड़ा उठान व घर-घर कूड़ा संग्रह के लिए जेबीएम कंपनी टेंडर दे रखा है।

कंपनी प्रॉपर्टी मालिकों से सरकार की ओर से तय दरों पर गार्बेज चार्ज हर माह वसूल कर रही है। इस बारे में मुख्य सफाई निरीक्षक, नगर निगम साहब सिंह का कहना है कि निगम क्षेत्र में रहने वाले प्रॉपर्टी मालिकों से पहले की तरह गार्बेज चार्ज लिया जाएगा। सरकार ने गार्बेज चार्ज खत्म करने वाले शहरों की सूची से सोनीपत नगर निगम को बाहर रखा है। जेबीएम कंपनी निर्धारित दरों पर गार्बेज चार्ज वसूल करती रहेगी।

## मेरठ से पिस्तौल लेकर आया था हत्यारोपी भांजा

- गांव जठेड़ी के पास डेयरी संचालक की हत्या का मामला, हत्यारोपी व उसका साथी रिमांड पर

**सोनीपत।** केएमपी एक्सप्रेस-वे पर गांव जठेड़ी के पास डेयरी संचालक की हत्या के मामले में गिरफ्तार भांजा वारदात के लिए मेरठ से पिस्तौल लेकर आया था। पुलिस टीम हथियार मुहैया कराने वाले की तलाश में उत्तर प्रदेश के मेरठ में छापे डाल रही है। पुलिस ने आरोपित भांजे व उसके साथी को पांच दिन के रिमांड पर ले रखा है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ने अपने साथी को दो लाख रुपये देने के लिए एक माह का समय दिया था। दिल्ली के गोपाल नगर निवासी नरेश ने 28 जून को राई थाना पुलिस को बताया था कि उनके भाई सुरेश (42) पहले दिल्ली के स्वरूप नगर स्थित घर में रहते थे। वह आजादपुर मंडी में दूध डेयरी चलाते थे। पत्नी से मनमुटाव के बाद वह अब दूध डेयरी में अकेले रहने लगे थे। तडक़े चार बजे उन्हें केएमपी पर सुरेश की हत्या किए जाने का पता लगा था। मामले में राई थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार व जांच अधिकारी एएसआई सतीश कुमार की टीम ने मृतक सुरेश के भांजे गांव शाहपुर तगा निवासी मयंक व उसके दोस्त सागर को गिरफ्तार कर हत्या से पर्दा उठाया था। मयंक ने पुलिस को बताया है कि उनके मामा सुरेश ने 50 लाख रुपये की बीमा पॉलिसी ली थी। जिसमें उसकी मां राधा को नॉमिनी बनाया था। उसने बीमा राशि को हड़पने के लिए मामा सुरेश की हत्या कराई थी। इसके लिए अपने दोस्त सागर को साथ मिलाया था। हत्यारोपी मयंक ने बताया है कि मामा की हत्या के लिए यूपी के मेरठ स्थित कंकरखेड़ा से 50 हजार रुपये में पिस्तौल खरीदी थी।

### मेयर ने वेस्ट रामनगर में सुनीं जनसमस्याएं, दिया आश्वासन

## निगम विकास कार्यों में लाएगा तेजी : निखिल

- अधिकारियों को सीवरेज लाइनों की सफाई करवाने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मेयर निखिल मदान ने वीरवार को मेयर कार्यालय में निगम पार्षदों और अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। इस दौरान मेयर निखिल मदान ने अधिकारियों को लंबित पड़े विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के सख्त आदेश दिए। साथ ही पार्षदों से उनके वार्डों में होने वाले नए कार्यों के एजेंडे भी मांगे। मेयर निखिल मदान ने बताया कि आने वाले दो तीन दिनों में वित एवं अनुबंध कमेटी की बैठक की जाएगी जिसमे सभी कार्यों को पारित कर उन्हें धरातल पर शुरू किया जायेगा। इसी माह निगम हाउस की बैठक भी रखी जाएगी, जिसमें निगम कार्यक्षेत्र में आने वाले सभी विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की जाएगी। इसके पश्चात मेयर निखिल मदान ने निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीणा के साथ बैठक कर उन्हें विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाने के आदेश दिए। इस दौरान डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत, निगम पार्षद सुरेंद्र मदान, हरि प्रकाश सैनी, मुकेश सैनी, मुनिराम ठौलेदार, पुनीत राई, लक्ष्मी नारायण तनेजा, अतुल जैन और पार्षद प्रतिनिधि संजीव वलेचा, देवेंद्र सैनी, महेश लूथरा आदि लोग मौजूद रहे।

इसके बाद मेयर निखिल मदान ने वेस्ट राम नगर का दौरा किया और स्थानीय निवासियों से मिलकर उनका कुशल क्षेम जाना और जन समस्याएं सुनी। स्थानीय निवासी भोलू वर्मा ने बताया कि उनके क्षेत्र में कुछ दिनों से दूषित पेयजल की आपूर्ति हो रही है, साथ ही क्षेत्र की सीवरेज लाइन भी काफी समय से जाम पड़ी है। वहीं स्थानीय निवासी राम चंद्र ने कुछ गलियों को पक्का करवाने और स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग रखी। लोगों की समस्या सुनकर मेयर निखिल मदान ने मौके पर ही निगम अधिकारियों को क्षेत्र की सभी सीवरेज लाइनों की सफाई शुरू करवाने के आदेश दिए। साथ ही कनिष्ठ अभियंता परविंद्र कुमार को क्षेत्र की सभी कच्ची गलियों को पक्का करने के लिए आवश्यक टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए।

मेयर निखिल मदान ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि उनकी गलियों में जल्द ही स्ट्रीट लाइट लगवाई जाएंगी। इस अवसर पर सुभाष, राम चंद्र, रामबीर सिंह, जोगिन्दर, सत्यवान, रघुबीर सिंह, भोलू वर्मा, अशोक कुमार, मुकेश कुलदीप आदि लोग मौजूद रहे।



सोनीपत। पार्षदों के साथ बैठक करते हुए मेयर निखिल मदान।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोपी रिमांड पर भेजा

**सोनीपत।** शहर सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विकास निवासी कोटा राजस्थान का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। एक महिला ने पुलिस से बताया कि उसकी छोटी बेटी गत 29 जून को दुकान से सामान लेने के लिए गई थी। काफी देर तक वापिस नहीं आई। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया था। लड़की का मेडिकल करवाया तो दुष्कर्म की पुष्टि हुई। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

## पंचायती जमीन पर कब्जा करवाने पर सरपंच सस्पेंड

- समाधान शिविर में मामले की शिकायत पर एसडीएम के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

हलके के गांव शहजादपुर के सरपंच दीपक शर्मा के खिलाफ गांव के युवक विनोद द्वारा उपायुक्त के समाधान शिविर में सरपंच द्वारा पंचायती जमीन पर कब्जा करवाने व अवैध रुप से मिट्टी उठवाने के आरोप में एसडीएम सोनीपत द्वारा जांच करवाने के बाद मिली रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए उपायुक्त ने सरपंच को सस्पेंड कर दिया।

नायब तहसीलदार सोनीपत एवं सहायक खनन अभियन्ता, खान एवं भू-विज्ञान विभाग की रिपोर्ट का अवलोकन करने उपरान्त पाया गया कि हाल पंचायत मैम्बर मोहित द्वारा पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा करके मकान बनाया गया है तथा उक्त मकान के पास खाली प्लाट में लगभग 30-40 ट्राली मिट्टी डाली गई है एवं सरपंच ग्राम पंचायत शहजादपुर द्वारा बिना अनुमति व प्रमिट लिए जोहड़ से मिट्टी उठवाई गई है। सरपंच के सस्पेंड पत्र में अवगत करवाया गया है कि 9 जुलाई को मिली शिकायत के बाद सरपंच दीपक शर्मा को 16 जुलाई को नीजि सुनवाई के लिए बुलाया गया और सरपंच ऐसा कोई भी पुखता सबूत व दस्तावेज पेश नहीं कर पाया कि वह उक्त मामले में दोषी नहीं है। सभी तथ्यों व एसडीएम द्वारा प्राथमिक जांच रिपोर्ट से सिद्ध होता है कि ग्राम पंचायत शहजादपुर के सरपंच दीपक शर्मा द्वारा बिना अनुमति व प्रमिट लिये जोहड़ से मिट्टी उठवाई गई है। जिसके लिये सरपंच दोषी है।

बच्चों, तुमने टीवी में या रियल पपेट शो देखा होगा। पपेट यानी कठपुतलियों के जरिए मनोरंजन की यह कला देश-विदेश में सदियों से प्रचलित है। कहीं लकड़ी से, कहीं फैब्रिक से, कहीं पानी पर उछलते-कूदते तो कहीं शैडो पपेट्स के खेल देखने में बहुत मजा आता है। यहां हम तुम्हें दुनिया के कई देशों में पॉपुलर पपेट्स के बारे में बता रहे हैं।

# रंग-बिरंगी प्यारी-प्यारी खेल दिखाती कठपुतलियां

रोचक

शिखर चंद जैन

बच्चों, आज के समय में तुम्हारे पास एंटरटेनमेंट और टाइम-पास के लिए कई साधन उपलब्ध हैं, जैसे-वीडियो गेम्स, मूवीज, टीवी शोज, म्यूजिक आदि। लेकिन बहुत पुराने दौर से आज तक भारत समेत दुनिया के कई देशों में मनोरंजन के लिए, पपेट्स यानी कठपुतलियों का खेल भी दिखाया जाता रहा है। इन पपेट्स के हाव-भाव देखने का मजा ही कुछ अलग होता है। कठपुतलियां कई तरह की होती हैं। इन्हें काठ यानी लकड़ी के अलावा अलग-अलग देशों में कपड़े, मिट्टी, चमड़े जैसे कई तरह के मैटीरियल से बनाया जाता है।



जापान की बनराकू पपेट

## जापान की बनराकू पपेट

जापान को दुनिया के सबसे एडवांस्ड और विकसित देशों में गिना जाता है। हालांकि यहां इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों और मॉडर्न तकनीक से हजारों तरह के गेम्स खूब बनते और बिकते हैं। लेकिन इनके साथ ही यहां के पपेट्स 'बनराकू' को लोग बहुत पसंद करते हैं। इन पपेट्स को काठ (वुड) से बनाया जाता है। ये पपेट्स, छोटे और बड़े कई आकारों में बनाए जाते हैं। जापानी फोक म्यूजिक के साथ जब बनराकू पपेट्स को परफॉर्म कराया जाता है तो देखने वाले 'वाह-वाह!' कर उठते हैं।

## वियतनाम की वाटर-पपेट

वियतनाम में पपेट्स का खेल एक हजार साल से भी अधिक पुराना माना जाता है। यहां पपेट्स आर्ट को 'मुआ रोई नॉक' कहते हैं, जिसका मतलब है-पानी पर डांस करने वाली पपेट्स। इन पपेट्स को नचाने वाले आर्टिस्ट्स कमर तक पानी भरे तालाब में खड़े होकर इनका तमाशा दिखाते हैं। यहां इन पपेट्स के शानदार शो आयोजित किए जाते हैं। इन्हें स्थानीय लोग और पर्यटक बड़े चाव से देखते हैं।



वियतनाम में खूब पॉपुलर हैं वाटर-पपेट्स

## कैसे परफॉर्म करते हैं पपेट्स

बच्चों, पपेट (कठपुतली) अलग-अलग मैटीरियल से बनी एक तरह की डॉल जैसी होती है, जिनमें कुछ स्ट्रिंग्स यानी डोरी बंधी होती हैं। पपेट-आर्टिस्ट इन स्ट्रिंग्स की मदद से पपेट को ऊपर-नीचे और अलग-अलग डायरेक्शन में कुछ इस तरह मूव कराते हैं कि ऐसा लगता है, मानो पपेट खुद चल-फिर रहे हों या डांस कर रहे हों।

## चीन की शैडो-पपेट

चीन देश में पपेट्स की परंपरा सदियों पुरानी है। यहां कई स्थानों पर बच्चों को हिस्ट्री और कल्चर पढ़ाने के लिए भी पपेट शोज का आयोजन किया जाता है। खासतौर पर यहां के गांवों में अब भी मनोरंजन का एक प्रमुख साधन, पपेट शो हैं। चीन में डोरी से खींचे जाने वाले पपेट शो के अलावा शैडो-पपेट्स का तमाशा भी काफी पसंद किया जाता है। वास्तव में शैडो-पपेट्स ऐसी आकृतियां होती हैं, जिन पर खास एंगल से रोशनी डालने पर पीछे लगे पर्दे पर उनकी तस्वीर उभर आती है। ये पपेट्स काफी रंग-बिरंगे होते हैं। शो के दौरान इन्हें हैंडल करने वाले कलाकार, डायलॉग्स के बीच-बीच में बांस से बनी सीटी भी बजाते रहते हैं, जिससे दर्शकों में उत्साह और बढ़ जाता है।



अमेरिका के फैब्रिक पपेट्स



इंग्लैंड के कार्निवल पपेट्स

## अमेरिका के फैब्रिक पपेट

अमेरिका और कुछ यूरोपीय देशों में सॉफ्ट-स्पंजी फैब्रिक्स से बने पपेट्स खूब पसंद किए जाते हैं। ये पपेट्स कार्टून कैरेक्टर्स जैसे लगते हैं। यहां पपेट्स के कई सुपरहिट टीवी शोज भी टेलिकास्ट किए जा चुके हैं। यहां बच्चों के लिए प्रेरक, शिक्षाप्रद और मनोरंजक कार्यक्रम बनाने के लिए पपेट्स का खूब प्रयोग किया जाता है। अमेरिकी टीवी शो 'सीसेम स्ट्रीट' का नाम तो तुमने जरूर सुना होगा, यह टीवी पर प्रसारित होने वाला एक पपेट-शो था, जिसे हमारे देश में 'गली-गली सिम-सिम' के नाम से दिखाया जाता रहा है।

## भारत में तरह-तरह की कठपुतलियां



हमारे देश में भी कठपुतली-कला हजारों साल पुरानी है। हड़प्पा और मोहनजो-दारो की खुदाई में भी कठपुतलियों के अवशेष मिले हैं। भारत में पौराणिक या लोक कथाओं पर आधारित कठपुतलियों का प्रचलन अधिक है। भारत के विभिन्न प्रांतों में अलग-अलग रंग-रूप और आकार की कठपुतलियां प्रचलित हैं। जैसे राजस्थान, ओड़ीशा, कर्नाटक और तमिलनाडु में धागा पुतली के खेल खूब दिखाए जाते हैं। राजस्थान में इन्हें कठपुतली,ओड़ीशा में कुनढेई, कर्नाटक में गोंबयेट्टा, तमिलनाडु में बोम्मालट्टा कहते हैं। कई क्षेत्रों में छाया कठपुतलियों का भी प्रचलन है। छड़ पुतलियों के खेल बंगाल में पुतुलनाच और बिहार में यमपुरी के नाम से जाना जाता है। कुछ स्थानों पर दस्ताना पुतली भी खूब मनोरंजन करती हैं, इन्हें हथेली में दस्तानों की तरह पहनकर नचाया जाता है।

## इंग्लैंड के कार्निवल पपेट्स

इंग्लैंड में इतने विशाल पपेट्स बनाए जाते हैं कि इन्हें उठाने और चलाने के लिए क्रेन का इस्तेमाल करना पड़ता है। यहां लिवरपूल में आयोजित होने वाला पपेट-शो 'लिवरपूल जायंट्स परेड' दुनिया भर में प्रसिद्ध है। इस परेड में करीब तीन मंजिला इमारत जितनी ऊंचाई वाले पपेट्स शामिल किए जाते हैं। इन पपेट्स को 'कार्निवल पपेट्स' के नाम से जाना जाता है।

## इंडोनेशिया के पपेट शोज में रामकथा

रामायण और रामकथा हमारे देश के साथ-साथ दुनिया के कई देशों में प्रचलित है। इंडोनेशिया में अलग-अलग स्थानों पर रामकथा का प्रदर्शन पपेट्स के माध्यम से किया जाता है। यहां भी चीन की तरह शैडो पपेट्स अधिक प्रचलित हैं। *

## जीके क्विज-113

1. इंडियन क्रिकेट टीम का नया हेड कोच किस पूर्व क्रिकेटर को बनाया गया है?
2. पिछले ओलंपिक (टोक्यो-2021) खेलों में भारत ने कुल कितने पदक जीते थे?
3. वह कौन-सा जीवाणु (बैक्टीरिया) है, जो दूध से दही जमाने में मदद करता है?
4. हाल में ही ईरान के नए राष्ट्रपति कौन बने हैं?
5. भारत के वर्तमान गृह मंत्री का क्या नाम है?
6. स्वतंत्र भारत के प्रथम रेल मंत्री कौन थे?
7. टेलीस्कोप (दूरबीन) की खोज किसने की थी?
8. पंकज आडवाणी का संबंध किस खेल से है?
9. एक फुटबॉल टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
10. विक्टोरिया मेमोरियल भारत के किस शहर में स्थित है?



**बच्चों, जीके क्विज-113 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-112 का उत्तर :** 1. अनामिका बी. राजीव, 2. मुंशी प्रेमचंद, 3. मुंबई, 4. गिरिब्रज, 5. मधुमेह (डायबिटीज), 6. अमेजन वर्षा वन, 7. मध्य प्रदेश, 8. कर्नाटक, 9. महाराणा प्रताप और अकबर, 10. ईटानगर

**जीके क्विज-112 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, नारायण-मनकी लोरमी, विशु-मनकी लोरमी, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, मानवी मधुकर-बिलासपुर, शुभम-बिलासपुर, पृथ्वी-बिलासपुर, रितेश-मटियारी

## हंसगुल्ले

**टीचर (तेज आवाज में) :** तो.. हमें अपने सपने पूरे करने के लिए क्या करना चाहिए?
**राजू (जम्हाई लेते हुए) :** फिर से सो जाना चाहिए।

-तनुजा, जबलपुर

**नव्या :** बताओ, दूध उफनकर बाहर क्यों गिर जाता है?
**नैंसी :** दूध उबालते समय व्हाट्स एप्प पर चैट करने की वजह से।


-खुशबू, रायपुर

**मम्मी :** एग्जाम कैसा हुआ बेटा?
**मोनू :** मम्मी, एग्जाम में ऐसे सवाल आए थे, जो मैंने कभी पढ़े ही नहीं थे।
**मम्मी :** तो फिर तुमने क्या किया?
**मोनू :** मैं भी ऐसे जवाब लिखकर आया हूं, जो टीचर जी ने कभी पढ़े नहीं होंगे।

-हर्षिता, बिलासपुर

**चुन्नू :** गाय पूंछ क्यों हिलाती है?
**मुन्नू :** क्योंकि पूंछ में इतनी ताकत नहीं होती कि वो गाय को हिला सके।

-आदित्य, बलौदा बाजार



ट्रंक में बंद रंग-बिरंगी रेनकोट को काली-कलूटी छतरी से चिढ़ थी। वह उसे नीचा दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती थी। बरसात से पहले जब छतरी और रेनकोट को ट्रंक से बाहर निकाला गया तो ऐसा क्या हुआ कि रेनकोट को अपनी खूबसूरती पर शर्मिंदगी महसूस होने लगी?

# छतरी और रेनकोट

कहानी

अशोक जोशी

उस रोज संडे था। मोनू अपने पापा और मम्मी के साथ घर में ही था। शाम को वे सभी कहीं बाहर घूमने जाने की प्लानिंग कर रहे थे कि तभी अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। पापा ने मम्मी से कहा, 'देखो, अचानक कितनी तेज बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने भी भविष्यवाणी की है कि पूरे सप्ताह तेज बारिश की संभावना है। वो जो ट्रंक में मेरी छतरी और मोनू की रेनकोट रखी है, उसे निकाल लो।'

'ठीक है, निकाल लेते हैं।' मम्मी बोलीं।

मोनू के पापा-मम्मी की बातें जब ट्रंक में रखी छतरी और रेनकोट को सुनाई दीं तो वे यह सोचकर बहुत खुश हुए कि कई महीनों तक ट्रंक में पड़े रहने के बाद अब उन्हें ताजा हवा खाने को मिलेगी और बारिश की ठंडी-ठंडी बूंदों का स्पर्श मिलेगा। छतरी ने रेनकोट से कहा, 'देखो बहन, अब हमारे काम आने का समय आ गया है, तैयार हो जाओ।' रेनकोट की सोच कुछ अलग ही थी। उसे अपने रंग-रूप पर बड़ा अभिमान था। छतरी से उसकी बिल्कुल भी नहीं जमती थी। वह हमेशा छतरी को नीचा दिखाने का बहाना ढूंढ़ती रहती थी, उसे ओल्ड-फैशंड बताती और हमेशा उसके रंग-रूप का मजाक उड़ाती थी। वह कहती थी, 'हुंह.. कहां मैं और कहां तुम! तुम तो बिल्कुल ओल्ड-फैशंड हो। तुम अपना रंग-रूप देखो और जरा मेरी तरफ देखो, मैं कितनी मॉडर्न और रंग-बिरंगी हूं। मुझे देखकर बच्चे चहक उठते हैं। वैसे भी आज के मॉडर्न जमाने में छतरी कौन यूज करता है? देखो, मोनू के पापा ने मुझे किस तरह सहेज कर कवर के अंदर रखा है, तुम्हें ट्रंक के एक कोने में पटक दिया है। याद करो, मोनू के पापा ने जब तुझे खरीदा था, तब वो मोनू को भी छतरी ही दिलवा रहे थे। लेकिन मोनू ने अपने पापा से जिद करके अपने लिए रेनकोट खरीदवाया था।'

'बहन, ऐसा क्यों कहती हो? मैं भी तो वही काम करती हूं, जो तुम करती हो। हम दोनों ही लोगों को बारिश में भीगने से बचाते हैं। बस रंग-रूप और आकार-प्रकार में अंतर है।' छतरी विनम्रता से बोली।

तभी उन्हें कदमों की आहट अपनी तरफ आती सुनाई दी। चरमराहट की आवाज के साथ ट्रंक खुल गया। मम्मी ने पहले कोने में रखी छतरी को उठाया। उसे उलट-पुलट कर देखा। उस पर थोड़ी धूल जमी थी। उन्होंने दो-तीन बार उसे खोला और बंद किया। उसकी ताड़ियां भी अच्छी तरह से काम कर रही थीं। 'शुक्र है, यह अभी अच्छी है। कम से कम एक-दो सीजन तो निकाल ही देगी।' मम्मी बुदबुदाते हुए बोलीं, फिर उन्होंने छतरी को साफ कर दीवार में लगी कील पर टांग दिया।

मम्मी की बातें सुनकर छतरी को अपनी उपयोगिता पर संतोष हुआ। इसके बाद मम्मी ने जैसे ही रेनकोट की तरफ हाथ बढ़ाया, रेनकोट की बांछें खिल उठीं। उसने सोचा कि मम्मी अब उसकी खूब तारीफें करेंगी, उसे प्यार से सहेज कर अलमारी में रखेंगी ताकि बारिश में जरूरत पड़ने पर उसे निकाल सकें। मम्मी ने कवर से निकालकर जैसे ही रेनकोट को खोला तो उनका मूड-ऑफ हो गया। जिस-जिस जगह से रेनकोट को मोड़कर रखा गया था, वहां सिलवटें पड़ गई थीं और जब उन्होंने उसे झटकारा तो सिलवटों वाली जगह से रेनकोट फट गई।

'पिछले साल ही तो खरीदी थी। सोचा था दो-चार सीजन निकाल देगी। लेकिन यह तो बस दिखने में ही अच्छी थी। कोई खास काम ना आ सकी। इससे अच्छी तो छतरी है, जो सालों तक बरसात के अलावा गर्मी में भी काम आती है...।' बुदबुदाते हुए मम्मी ने रेनकोट को डस्टबिन में डाल दिया। अगले दिन उसे नगर निगम की कचरा इकट्ठा करने वाली गाड़ी में डाल दिया गया। गाड़ी वाले ने अन्य कचरे के साथ उसे डाल दिया। रेनकोट अपनी किस्मत पर आंसू बहा रही थी। वह मन ही मन सोच रही थी, 'मेरा रंग-रूप भला किस काम आया? मुझसे अच्छी तो वह छतरी है, जो अभी तक घर में लोगों के काम आ रही है।' रेनकोट को समझ आ चुका था कि रंग-रूप से ज्यादा महत्वपूर्ण हमारा गुण होता है। इसलिए कभी भी किसी का रंग-रूप देखकर उसका मजाक नहीं उड़ाना चाहिए, बल्कि उसके अच्छे गुणों की कद्र करनी चाहिए। *

कविता

डॉ. फहीम अहमद



## बरस घटा घनघोर

ओ घटा, बरस, घनघोर बरस,
इस ओर बरस, उस ओर बरस।
हम झूम-झूम कर नाच उठें,
अब झूम उठे मन-मोर, बरस।
लहलहा उठे बगिया मेरी,
तू जोर बरस, पुरजोर बरस।
सब ताल-तलैया भर जाएं,
मेढक करते हैं शोर, बरस।
रिमझिम का गीत सुना फिर से,
तू बन जा अब चितचोर, बरस।
कोई भी जगह न छूटे अब,
तू गांव-शहर हर छोर, बरस।
धरती की सारी प्यास बुझाए
झमझम-झमझम झकझोर, बरस।
जब तक सब खुश न हो जाएं
बूंदें न पड़ें कमजोर, बरस।
हम सब खेलेंगे छपछैया,
ओ घटा जरा तू, और बरस।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इनमें 5 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।






उत्तर: 1.भालू के मुख की मुद्रा बदली हुई है। 2. हनी-पॉट के ऊपर मंडरा रही मधुमक्खी गायब है। 3.भालू के पीछे पेड़ पर अधिक पत्तियां लगी हैं। 4.झाड़ियों के पीछे एक और भालू दिख रहा है। 5.हनी-पॉट के पीछे हनी नहीं गिरा है।

## चित्र पूरा करो


बच्चों, यहां कुछ अधूरे ज्योमेट्रिकल शेप्स और उनके कट-आउट्स के चित्र दिए गए हैं। इन कट-आउट्स को सही जगह लगाकर इन चित्रों को पूरा करो।




उत्तर : 1-D, 2-A, 3-B, 4-C

## गिनकर बताओ

बच्चों, इस चित्र में बहुत सारे बच्चे दिखाई दे रहे हैं। तुम गिनकर बताओ कि इस चित्र में कुल कितने बच्चे दिखाई दे रहे हैं?



उत्तर-12

## खबर संक्षेप

### हलालपुर में एसबीआई शाखा का उद्घाटन

**खरखौदा।** हलालपुर गाँव में स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखा का नवीनीकरण करने के बाद उद्घाटन किया गया। जिसके लिए एसबीआई के महाप्रबंधक दीपेश राज खासतौर पर पहुँचे। फीता काटकर शाखा का औपचारिक उद्घाटन किया। महाप्रबंधक दीपेश राज ने ग्राहकों का आह्वान किया कि बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं।

### लाइब्रेरी के बाहर से बाइक चोरी

**गोहाना।** शहर में पूनम सिनेमा मार्केट में लाइब्रेरी के बाहर से बाइक चोरी कर ली गई। शहर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। गांव छिछड़ाना के रोहित कुमार ने पुलिस को बताया कि वह बाइक पर पूनम सिनेमा मार्केट स्थित लाइब्रेरी में आया था। उसने बाईक को लाक किया और लाइब्ररी में पढने के लिए चला गया। वह शाम को लाइब्रेरी से बाहर आया तो बाईक नहीं मिली। बाइक उसके जानकार की है।

### रंजिश के चलते सगे भाइयों ने पीट डाला

**गोहाना।** गांव रिवाड़ा में एक युवक से सगे भाइयों ने रंजिश के चलते मारपीट की। उसकी शिकायत पर सदर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। मंजीत ने पुलिस को बताया कि उसकी मौसी की अमन से उसके प्लाट के सामने गेहूं बिजाई की मशीन खड़ी करने के चलते कहासुनी हो गई थी। उसने दोनों के बीच बचाव करवाया था। इसके बाद दोनों चले गए थे।

### जीटी रोड चौक पर जमकर हुई बारिश

**गन्नौर।** वीरवार की दोपहर को जीटी रोड चौक पर जमकर हुई बारिश, शहर में एक भी बूंद नही, बच्चों ने लिया बरसात का आनंद लिया। रेलवे रोड पर तहसील कार्यालय तक बरसात हुई। उसके बाद अचानक सूखा देखकर लोग हैरान रहे कि भगवान की माया है, एक कदम सूखा तो दूसरे कदम बरसात है। बरसात के बाद दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। लोगों को गर्मी से राहत मिली।

### हिसार में दक्ष प्रजापति जयंती समारोह 28 को

**गोहाना।** हिसार में 28 जुलाई को प्रदेश स्तरीय दक्ष प्रजापति जयंती समारोह आयोजित किया जाएगा। गुरुवा को यह जानकारी बरवाला विधानसभा के पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला ने दी। वे सोनीपत रोड स्थित सिंचाई विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला करेंगे। पूर्व विधायक के अनुसार समारोह के मुख्य अतिथि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा होंगे।

### नाजायज जगह पर अंतिम संस्कार पर रोक की मांग

**गन्नौर।** मिनी सचिवालय में वीरवार को लगे समाधान शिविर में चिरस्मी गांव के ग्रामीणों ने पहुंचकर एसडीएम से गांव की करीब एक एकड़ पंचायती जमीन में अंतिम संस्कार करने पर रोक लगाने की मांग की। ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि पशुओं का हडवारा और बच्चों गाड के लिए पंजीकृत है परन्तु गांव के कुछ लोग अंतिम संस्कार करते है, जबकि अंतिम संस्कार सभी के लिए अलग से जगह निर्धारित की हुई है।

### पोर्टल को चालू करने की मांग उठाई

**खरखौदा।** शहर के दुकानदारों का प्रतिनिधि मंडल डॉ कमलराज दुआ व डॉ नरेश सचदेवा के नेतृत्व में एसडीएम श्वेता सुहाग से मिला और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। दुकानदारों का कहना है कि सरकार ने मालिकाना हक की स्कीम के तहत वर्ष 2023 में किराए की दुकानों की मलकियत अपने नाम करने के लिए आवेदन किया था।

### सरकार के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा तैयार की

**सोनीपत।** स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत नर्सिंग कैडर पिछले कई वर्षों से विभिन्न समस्याओं से जूझ रही है। नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन ने सरकार के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा तैयार की है। बृहस्पतिवार को पदाधिकारियों ने बैठक की और मांगों को लेकर सीएमओ के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

ब्लॉक स्तरीय लीगल लिटरेसी कंपीटिशन का आयोजन

# पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में दक्ष प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

राजकीय कन्या सी सै स्कूल खरखौदा में आयोजित ब्लॉक स्तरीय लीगल लिटरेसी कॉम्पटीशन में प्रताप स्कूल खरखौदा के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर व स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में दक्ष ने प्रथम स्थान, डॉक्यूमेंट्री में अमीषा ने प्रथम, पेंटिंग में कार्निक ने प्रथम, डिबेट में प्रार्ची व चेष्टा ने द्वितीय, स्किट में आदर्श, अकाश, अर्पित, मुस्कान, इशान, मनदीप, अक्षिता व लुभांशी ने द्वितीय, कविता प्रतियोगिता में वंशिका ने तृतीय व क्विज में खुशबू व महक ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। ये सभी विजेता विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। सभी विजेता विद्यार्थियों का प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया, डॉ दीपिका व विद्यालय स्टॉफ ने स्वागत किया। प्राचार्या दया दहिया ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन करते हुए कहा कि उन्हें निरंतर मेहनत करनी है।

## विजेता विद्यार्थी जिलास्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित



खरखौदा। लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता के विजेता प्राचार्या के साथ। फोटो : हरिभूमि




खरखौदा। पुरस्कार ग्रहण करते कल्पना चावला स्कूल के विद्यार्थी।

### नारा लेखन में अनुष्का ने दूसरा स्थान प्राप्त किया

**खरखौदा।** खांडा रोड स्थित कल्पना चावला विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने खंड स्तरीय लीगल लिट्रेसी प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त किया। लीगल लिट्रेसी 2024 के अंतर्गत निबंध लेखन, नारा लेखन, कानूनी मुद्दों पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, वाद-विवाद, कविता गायन, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन, डॉक्यूमेंट्री फिल्म की तैयारी, सामाजिक मुद्दे आदि विषयों पर अनेक प्रतिस्पर्धाएं थीं। जिसमें से विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उक्त प्रतियोगिताएं राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा में आयोजित की गई थी। अनुष्का पुत्री दिनेश ने नारा लेखन में दूसरा स्थान प्राप्त कर 200 रूपये राशि, गुंजन पुत्री सोनु ने कविता प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर 200 रूपये राशि, हिमांशी पुत्री राकेश कुमार व तन्वी पुत्री देवेंद्र ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया तथा तीसरा स्थान प्राप्त कर 100 रूपये राशि, हिमांशु पुत्र बिजेन्द्र ने ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया तथा तीसरा स्थान प्राप्त कर 100 रूपये राशि, सुमेरा पुत्री खालिद ने भाषण में तीसरा स्थान प्राप्त कर 100 रूपये का ईनाम प्राप्त किया। अब इन सभी छात्र-छात्राओं ने जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। विद्यालय प्राचार्या उषा वत्स ने सभी छात्र-छात्राओं को तथा तैयारी कर्ता अध्यापकों- कृष्णा, हेमलता, पुष्पा, सुमित्रा व सुमन को बधाई दी।

# प्राथमिक शिक्षकों ने प्रदर्शनी लगाई

- बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों का होगा स्टार शिक्षक के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गुरुवार को मुंडलाना शैक्षणिक खंड की टीएलएम प्रदर्शनी बुटाना गांव में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ शैक्षणिक खंड के बीईओ बसंत ढिल्लों ने किया। प्रदर्शनी का मुख्य आधार जिला स्तर पर स्टार टीचर के चयन से पहले यह चयन खंड स्तर पर करना रहा। टीएलएम प्रदर्शनी में खंड के प्राइमरी स्कूलों के अध्यापकों और अध्यापिकाओं ने भाग लिया। कक्षा एक से पांच तक के पाठ्यक्रम पर आधारित चार्ट और मॉडल प्रस्तुत किए गए। इन का विधिवत अवलोकन बीईओ बसंत ढिल्लों के साथ सोनीपत से आए जिला एफएलएन को-ऑर्डिनेटर मनोज कुमार ने किया। निर्णायक की भूमिका निभाने वाले प्राचार्य लवल किशोर शर्मा, आनंद श्योराण और राजेश रोहिल्ला रहे। इस अवसर पर विभिन्न एबीआरसी और बीआरपी भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में स्थानांतरण के बाद तबदील हो कर खंड में आए नए अध्यापकों और अध्यापिकाओं का भी स्वागत किया।



गोहाना। प्रदर्शनी का अवलोकन करते बीईओ बसंत ढिल्लों। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। कार्यकर्ताओं की बैठक लेते भाजपा नेता राजीव जैन। फोटो : हरिभूमि

### पूर्व मंत्री ने कार्यकर्ताओं में किया उत्साह का संचार

**सोनीपत।** पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि विधानसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है, इसीलिये सभी कमर कस लें। विधानसभा चुनाव 2019 प्रत्याशी प्रवास कार्यक्रम के तहत सैनी भवन में वार्ड नंबर एक में कार्यकर्ताओं से जनसंवाद करते हुए कविता जैन व राजीव जैन ने कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार किया। बैठक में पार्षद हरि प्रकाश सैनी, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मदान, पूर्व पार्षद जवाहर बत्रा, राम प्रसाद सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज जैन, अमित वर्मा, दीपक कुच्छल, महताब सिंह, अमित शौनक, रणबीर नंबरदार, विनोद खत्री, सुरेश पहलवान, कृष्ण सैनी, महेश शर्मा, अमित शर्मा, रजत जैन आदि मौजूद रहे।

### आप नेता एवं प्रधानाचार्या के निधन पर जताया शोक



**राई।** आम आदमी पार्टी शिक्षा सैली के जिलाध्यक्ष मास्टर सतनारायण आंतिल की पत्नी सुनीता आंतिल के निधन पर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के नेताओं, सामाजिक संगठनों के अलावा प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों व स्कूल संचालकों ने दुख व्यक्त करते हुए भगवान से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। स्वर्गीय सुनीता आंतिल बहालगढ़ स्थित हन्नी मार्डन स्कूल की प्रधानाचार्या थी। उनकी तेहरवीं की रस्म 21 जुलाई रविवार को उनके आवास सोनीपत के सैक्टर 12 में होगी। उनके निधन पर प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं ओम शांति स्कूल के निदेशक योगराज भारद्वाज ने कहा कि स्वर्गीय सुनीता आंतिल बहुत ही कर्मठ मेहनती थी। उनकी मेहनत के बल पर स्कूल के छात्रों ने बेहतर परीक्षा परिणाम लेकर स्कूल का नाम रौशन किया। उनके निधन से संस्थान को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई होना मुश्किल है।

# चार महीने से वेतन न मिलने से सिंचाई विभाग के कर्मियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर्ड कर्मचारी संघ की बैठक खरखौदा दिल्ली मार्ग पर जीडब्ल्यूएस नहर पर हुई। जिसमें प्रांतीय उप कोषाध्यक्ष राजेश धनखड व प्रांतीय संगठन सचिव रमेश दहिया ने कहा कि सिंचाई विभाग दिल्ली सर्किल के अधीन हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत नियुक्त कर्मचारियों को 4 महीने से वेतन नहीं मिल रहा। राज्य सरकार ने अभी तक इन कर्मचारियों को सैलरी का कोई प्रबंध नहीं किया है। जबकि सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों को हर महीने की 7 तारीख तक वेतन देने का वादा किया था, जो एकदम खोखला साबित हुआ है। कर्मचारी संगठन सरकार से मांग करता है कि इन कर्मचारियों को वेतन दिया जाए। सभी कर्मचारियों के ईएसआई कार्ड जो काफी लंबे समय से पेंडिंग है, उन्हें बनवाया जाए। दिल्ली सर्किल के अधीन सभी कर्मचारियों ने सर्व समिति से फैसला किया है कि 18 अगस्त को सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री अभय यादव के निवास नारनौल प्रदर्शन में सभी कर्मचारी भाग लेंगे।



खरखौदा। बैठक में शामिल नहरी कर्मचारी व नेता। फोटो : हरिभूमि

### तनवी का मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय में चयन



**गन्नौर।** गांव खेड़ी गुज्जर स्थित लार्ड गणेशा स्कूल की छात्रा का छटी कक्षा में मो ती ला ल ने ह रू खेलकूद विद्यालय राई में चयन होने पर शिक्षकों ने स्वागत करते हुए बधाई दी। स्कूल की प्रधानाचार्या कुसम व स्कूल प्रबंधक पवन कुमार व नवीन कुमार ने बताया कि स्कूल की 5 वीं कक्षा की छात्रा तनवी पुत्री सोनू (प्रजापति)स्कूल की मेधावी छात्रा है। उनकी इच्छा थी कि वे मेहनत के बल पर खेलकूद स्कूल व सैनिक स्कूल में अपनी आगे की पढ़ाई करे। इसके लिए उनका चयन हो गया है। तनवी के पिता हरियाणा पुलिस में व मां शिक्षिका है।

# सभी कर्मियों ने पे-रोल पर लेने की मांग उठाई

- जारी रहा सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन, भूख हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच संबंधित मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ, सहयोग बलि सेना यूनियन का 14वें दिन का प्रदर्शन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन के उपप्रधान रविंद्र ने की और प्रदर्शन का संचालन सहसचिव विकास ने किया। आज का प्रदर्शन नगर निगम के पास रेस्ट हाउस के आगे इकट्ठा होकर नारेबाजी करते हुए नगर निगम तक पहुंचें। सभी कर्मचारियों ने पे-रोल पर लेने की मांग उठाई। इस अवसर पर कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कर्मचारियों की मांगें पूरी नहीं हुई तो भूख-हड़ताल पर बैठ जाएंगें। इस अवसर पर सावन, विजय, मुकेश वर्मा, अजय, प्रवीण आदि मौजूद रहे।



पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के बाहर विरोध प्रदर्शन करते ठेका सफाई कर्मचारी।



सोनीपत। बच्चों को जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता कार्यशाला आयोजित

**सोनीपत।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, सोनीपत में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता और महत्व को प्रदर्शित करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कक्षा 6,7,8वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा और परिवहन नियम तथा चालक की जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता का विकास हुआ। सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु को कम करने तथा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावशाली लक्ष्य निर्धारण तथा रणनीतियों की सफलता के लिए कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। एस पी ओ मिस्टर सुनील कुमार टीएसओ , मुरथल द्वारा इस कार्यशाला का आयोजन हुआ। सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित ड्राइविंग और नियम न तोड़ने के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण वर्मा ने विद्यार्थियों को जागरूक किया।

# नि:शुल्क आंखों के ऑपरेशन के लिए दूसरे जत्थे को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

108 गुप्ति सागर महाराज की प्रेरणा से लाला श्रीपाल जैन की नौवी पुण्यतिथि के अवसर पर भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा व अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन इकाई के सहयोग से 14 जुलाई को निशुल्क नेत्र जांच एवं आप्रेशन शिविर में 36 लोगों में मोतियाबिंद पाया गया था।

उन सभी का ऑपरेशन स्व.लाला श्रीपाल जैन के सुपुत्र अमित जैन द्वारा चिह्नित सभी मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन लाला मौजीराम आई अस्पताल दिल्ली में करवाया जाएगा अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन गन्नौर इकाई के प्रधान राजकुमार अग्रवाल व महामंत्री संदीप सिंघल ने बताया कि उक्त जांच शिविर में पाए गए मोतियाबिंद के 10 मरीजों का पहले ऑपरेशन करवाया जा चुका है। दुसरे जत्थे को ऑपरेशन के लिए अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि इनके आने जाने,रहने ,खाने व ऑपरेशन का सारा खर्चा अग्रवाल सम्मेलन व अमित जैन उर्फ मुन्ना द्वारा दिया जाएगा।



आप्रेशन के लिए मरीजों को अस्पताल रवाना करते प्रधान राजकुमार अग्रवाल व महामंत्री संदीप सिंघल।



सोनीपत। प्रतियोगिता की विजेता टीम की खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### टग ऑफ वार में जीती विभिन्न स्कूलों की टीमें

**सोनीपत।** एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 122 एसआरएम यूनिवर्सिटी सोनीपत में 12 हरियाणा एनसीसी बटालियन सोनीपत के तत्वाधान में आयोजन किया जा रहा है। कैंप कमांडेंट कर्नल अनूप रावत ने बताया कि यह शिविर 20 जुलाई तक चलेगा। जिसमें 531 कैडेट्स भाग ले रहे हैं। कैंप के दौरान कैडेट्स के बीच टग ऑफ वार के फाइनल मैचों का आयोजन किया गया, जिसमें जूनियर डिवीजन में सर छोटू राम हेरिटेज स्कूल ने हरे कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल को, जूनियर विंग में हरे कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल ने हिंदू विद्यापीठ सोनीपत को, सीनियर डिवीजन में एसआरएम यूनिवर्सिटी ने हिंदू कॉलेज सोनीपत को व सीनियर विंग में एसआरएम यूनिवर्सिटी ने हिंदू गर्ल्स कॉलेज सोनीपत को हरा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कैंप एडजुडेंट विशाल कुमार, सूबेदार मेजर सुरेश कुमार, सूबेदार रणबीर दहिया, नायब सूबेदार राजेश आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। चौधरी टीकाराम की पुण्यातिथि पर नमन करते प्राचार्य एवं अन्य।

### टीकाराम महान शिक्षाविद् एवं समाज सुधारक थे :दहिया

**सोनीपत।** टीका राम शिक्षा संस्थाओं के संस्थापक चौधरी टीका राम की पुण्यतिथि पर टीका राम शिक्षा समिति एवं उस द्वारा संचालित स्कूल व महाविद्यालय के स्टाफ स्दस्यों ने मिलकर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान सुरेन्द्र सिंह दहिया ने अपने संदेश के माध्यम से उपस्थित स्टाफ एवं विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने चौधरी टीका राम के जीवन एवं योगदान के बारे में कहा कि चौधरी टीकाराम ने समाज के विकास के लिए अनेक स्कूलों व कालेजों का निर्माण करवाया। उन्होंने अपने जीवन में बहुत नेक काम किए। उन्होंने टीका राम द्वारा किए गए शिक्षा एवं समाज सुधार के कार्यों का भी वर्णन किया। इस अवसर पर टीका राम शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सुरेन्द्र सिंह राणा, सीआरए कालेज के प्राचार्य डा. नरेन्द्र सिंह खत्री, टीकाराम कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डा. संतोष राठी, टीआर माडल स्कूल की प्राचार्या आशा छाबड़ा, शिक्षक व गैर-शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहें।

छपडेश्वर धाम में हो रहा सांग कार्यक्रम का आयोजन

# विष्णु दत्त ने सांग में सुनाया पूर्णमल का किस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

छपडेश्वर धाम में हो रहे सांग कार्यक्रम में पंडित विष्णु दत्त शर्मा ने रागिनियों के माध्यम से किस्सा पूर्णमल सुनाया। उन्होंने बताया कि पंजाब राज्य के सियालकोट शहर में राजा सुलेमान राज किया करते थे। उनकी पत्नी इंछरादे से कोई संतान नहीं थी। जिसके चलते उन्होंने उसकी बहन नूनादे से विवाह कर लिया। दूसरे विवाह से भी जब राजा को कोई संतान की प्राप्ति नहीं हुई, तो राजा अपनी दोनों रानियों के साथ गुरु गोरखनाथ के पास पहुंचे। गुरु गोरखनाथ ने राजा को आशीर्वाद दिया कि उनकी पहली पत्नी से एक पुत्र का जन्म होगा। उन्होंने भावी संतान का नाम पूर्णमल सुझाया। साथ ही चेतावनी दी कि किशोरावस्था तक पूर्णमल को भौंरे में यानी भूमिगत रखना होगा। दरअसल पूर्णमल इतना तेजस्वी होगा कि उस पर स्वर्ग की अप्सराएं भी उसकी सुंदरता पर मर मिटेंगी। इस तरह पूर्णमल के जन्म से लेकर 12 वर्ष तक उसकी शिक्षा व लालन पालन की व्यवस्था भौंरे में ही की गई। पूर्णमल भौंरे से बाहर आने के कुछ वर्ष के पश्चात ही पूर्णमल के रिश्ते आने शुरू हो गए थे। लेकिन पूर्णमल ने विवाह करने से इंकार कर दिया। एक दिन राजा ने पूर्णमल को उसकी छोटी मां (मौसी) के पास आशीर्वाद लेने के लिए भेजा। पूर्णमल को देखकर उसकी मौसी उस पर आसक्त हो गई। पूर्णमल अपनी मौसी को आगाह करता है कि वह उसके पुत्र समान है। जब उसने मौसी की बात नहीं मानी तो उसने पूर्णमल पर बेहदबी का इल्जाम लगा दिया। भरी सभा में राजा ने मौसी से बेअदबी करने के आरोप में पूर्णमल को मौत की सजा सुना दी। जल्लादों को हुकुम दिया कि जंगल में ले जाकर पूर्णमल को मार दिया जाए और सबूत के तौर पर उसकी दोनों आंखें व खून से भरा कटोरा लेकर आएं। जंगल में जल्लादों ने पूर्णमल की दोनों आंखें निकाल ली और कुएं में धकेल दिया। जिसके कुछ देर के बाद गुरु गोरखनाथ अपने शिष्यों के साथ कुएं के पास से गुजर रहे थे। वह पानी पीने के लिए वहां पर रुक गए। इस बीच उन्होंने कुएं से आवाज सुनी तो पूर्णमल को कुएं से बाहर निकाल लिया गया।



खरखौदा। सांग का मंचन करते सांगी। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### किसान के खेत से कृषि यंत्र चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव पिनाना में किसान के खेत से कृषि यंत्र के चोरी होने का मामला सामने आया है। सूचना के बाद मोहाना थाना पुलिस ने मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव पिनाना निवासी नीर सिंह ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। उसने खेत में सिंचाई के लिए ट्यूबवैल लगा रखा है। किसी ने उसके ट्यूबवैल का पंखा चोरी कर लिया। अपने स्तर पर पंखे की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। मोहाना थाना पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### नेटवर्किंग कंपनी के टावर से बैट्री चोरी

**गोहाना।** गांव भैंसवान खुर्द व रुखी के बीच में नेटवर्किंग कंपनी के टावर से बैट्री चोरी कर ली गई। तकनीशियन की शिकायत पर बरोदा थाना में मामला दर्ज किया गया। गांव पूठी के सोनू ने पुलिस को बताया कि वह कंपनी में तकनीशियन के पद पर कार्यरत है। वह टावर की देखरेख करता है। टावर के अंदर एक जेनरेटर रखा हुआ है। 15 जुलाई को जेनरेटर पर लगाई गई बैट्री को चोरी कर लिया गया। वह साइट पर गया तो उसे चोरी का पता चला।

### मोबाइल फोन छीनने के दो आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अंकित निवासी बंबेडी हाल में प्याऊ मनियारी व सन्नी उर्फ समीर निवासी नाथूपुर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।
उतराखंड हाल में किराएदार प्याऊ मनियारी निवासी राकेश ने बताया कि 15 जुलाई को करीब 2.30 बजे अपना फोन लेकर अपने घर से पेशाब करने के लिए निकला था। उसी दौरान दो नौजवान लड़के बाइक पर आए। उसके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर ले गए। अपने स्तर पर युवकों का पता लगाने का प्रयास किया, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

---

### हुड्डा के चीफ इंजीनियर का पुतला किया दहन

# एचएसवीपी में कर्मियों का धरना छठे दिन भी रहा जारी

**धरने प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर ने किया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत



सोनीपत। एचएसवीपी कार्यालय परिसर में प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी।

हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के बैनर तले हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन एवं मंच के कर्मचारियों ने छठे दिन धरना रखा जारी। वीरवार को हुड्डा के चीफ इंजीनियर का पुतला दहन किया। धरने प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर ने किया और सभा संचालन मंच की जिला प्रधान मीना सैनी ने किया। आरके नागर ने बताया कि चीफ इंजीनियर ने अधीक्षक अभियंता के पद पर कार्यरत रहते हुए फिल्ड कर्मचारियों के जायज कार्य नहीं किये थे। बल्कि कुछ जूनियर कर्मचारियों के साथ मिलकर गलत प्रमोशन तथा अन्य गलत कार्य किए थे। जब से चीफ इंजीनियर बने हैं, तब से कहते हैं कि उन गलत कामों को स्थानीय अधीक्षक अभियंता ही ठीक करेंगे। वह चाहे पे-फिक्शेशन का कार्य हो या फिर पे-एटपार का केस हो। चाहे सोनीपत एजेंसी वर्करों का वर्ष 2010 से 2013 का ईपीएफ व ईएसआई देने की बात हो। कर्मचारियों का नुकसान हो रहा है। इसलिए आज इस अधिकारी का रोष स्वरूप सोनीपत में पुतला दहन किया गया है। इस मौके पर विजेंद्र कुमार शर्मा, सुरेश कुमार रोहिल्ला, महावीर सिंह नागर, टीनू मदान, समेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### कर्मचारी 20 को करेंगे राज्य स्तरीय रोष प्रदर्शन

**सोनीपत।** आउटसोर्स पार्ट-।। कर्मचारी संगठन हरियाणा के प्रधान रामरतन द्वारा हरियाणा प्रदेश के विभिन्न विभागों, निगमों, बोर्डो, कॉर्पोरेशनों, निकाय तथा अन्य राजकीय संस्थानों में वर्षों से कार्यरत पार्ट-।। कर्मचारियों से आवहन किया गया है कि पार्ट-।। कर्मचारी संगठन अपनी मांगों को लेकर निरंतर प्रयासरत हैं। संगठन अनेकों बार मुख्यमंत्री, महामंत्री, मंत्री, एमपी, एमएलए मुख्य सचिव तथा जिला अध्यक्षों को ज्ञापन के माध्यम से अनुरोध कर चुका है परंतु पार्ट-।। कर्मचारियों की कोई भी सुनवाई नही हो रही है और न ही पार्ट-।। कर्मचारियों की मांगों को लेकर आज तक कोई अधिकारीक तौर पर मीटिंग बुलाई गई है, जिस कारण प्रदेश भर के पार्ट-।। कर्मचारियों में काफी रोष है। इसका खामियाज सरकार को आने वाले विधानसभा चुनावों में भुगतना पड़ सकता है। हाल ही में दिनांक 14 जुलाई को करनाल में हरियाणा प्रदेश के सभी राज्य प्रधान, विभागीय प्रधानों, कार्यकारणी तथा कर्मचारियों की बैठक हुई थी।

### कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर सरकार के नाम भेजा मांगपत्र



**सोनीपत।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करस यूनियन द्वारा अपनी 23 सूत्री मांगों का मांग पत्र डीडीपीओ के माध्यम से हरियाणा सरकार को भेजा गया। इस विषय में जिले में कार्यरत सभी 4 ब्रांचो के पदाधिकारी व कर्मचारियों जिला प्रधान रमेश शर्मा के नेतृत्व में सोनीपत जनस्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग सर्कल के प्रांगण में एकत्रित हुए। संचालन प्रांतीय प्रैस सचिव अनिल मलिक ने किया। रोष प्रदर्शन में राज्य आडिटर जयभगवान पांचाल, राज्य उप प्रधान राकेश, राज्य प्रचार सचिव अनिल बल्हारा ने विशेष रूप से शिरकत की। राज्य प्रैस सचिव अनिल मलिक ने बताया कि हरियाणा सरकार को बार-बार मांग पत्र देने के उपरांत भी कर्मचारियों की मांगों का कोई समाधान नहीं हुआ जिससे कर्मचारी वर्ग में बहुत भारी रोष है। विभागीय मंत्री व अधिकारियों से मिलने के पश्चात भी कर्मचारियों की जायज मांगों का कोई समाधान नहीं किया जा रहा, जिसके फलस्वरुप पूरे प्रदेश में संगठन ने 8 जुलाई से 26 जुलाई तक सभी जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को मांग पत्र भिजवाया जाएगा। इसी कड़ी में वीरवार को सोनीपत उपायुक्त कार्यालय तक प्रदर्शन करते हुए डीडीपीओ को अपनी मांगों का मांग-पत्र माननीय मुख्यमंत्री के नाम सौंपकर अनुरोध किया गया कि मांगों के समाधान के लिए संगठन को वार्तालाप का समय दिया जाए।

---

# बीएलओ का काम करने वाले आशा वर्करों ने दिया धरना



सोनीपत। लघु सचिवालय में धरना देती बीएलओ का काम करने वाली आशा वर्कर।

- निर्वाचन आयोग सोनीपत के माध्यम से राष्ट्रीय चुनाव आयोग के नाम ज्ञापन सौंपा
- संसाधन उपलब्ध करवाने, ट्रेनिंग देने और मानदेय बढ़ाने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

बीएलओ का काम करने वाली आशा वर्करों ने निर्वाचन आयोग सोनीपत कार्यालय पर जिला प्रधान अनीता की अध्यक्षता में धरना दिया। संचालन सुनीता ने किया। इस दौरान निर्वाचन आयोग सोनीपत के माध्यम के माध्यम से राष्ट्रीय चुनाव आयोग के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन डीडीपीओ सोनीपत ने लिया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि बीएलओ के तौर पर कार्य करने के लिये निर्वाचन आयोग द्वारा बीएलओ का ऑनलाइन कार्य करने के लिए कोई संसाधन उपलब्ध नहीं करवाया गया है। ना ही उन्हें ऑनलाइन काम करने के लिए कोई मानदेय दिया जाता है। जानकारी के लिए कई बार जिला स्तर पर बुला लिया जाता है। जिससे समय और पैसे दोनों खर्च होते हैं। बिना संसाधन दिए, निर्वाचन आयोग का ऑनलाइन कार्य संभव नहीं है। अगर सरकार और विभाग ऑनलाइन कार्य करवाना चाहते है तो सभी को संसाधन उपलब्ध करवाऐ जाएं, इस कार्य को करने के लिए ट्रेनिंग दी जाए, ट्रेनिंग करने का टीए-डीए दिया जाए।

निर्वाचन आयोग के सभी तरह के कार्यों के लिए, निर्वाचन आयोग द्वारा दिए जा रहे मानदेय को बढ़ाया जाए। धरने को अनीता, सुनीता, सविता मलिक, छवि, सुमन, किसान सभा के नेता एडवोकेट श्रद्धानंद सोलंकी ने भी संबोधित किया।

---

# पिता को छत से नीचे फेंका तो बेटे को पीटकर किया घायल

- घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में करवाया भर्ती
- आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

राई थाना क्षेत्र में गाड़ी चालक को पीटकर छत से नीचे फेंकने व उसके बेटे का पीट-पीटकर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है।

घायल ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश के प्रयास कर रही है।

बिहार हाल में प्लांट नंबर 386 निवासी प्रवेश कुमार ने बताया कि वह चालक की नौकरी करता है। साथ ही किराए के कमरे में रहता है। गत 14 जुलाई को रात करीब 10 बजे दिलशाद नाम का लड़का छत पर आया। उसके साथ गाली-गलौच करने लगा।

विरोध करने पर कुछ देर बाद अपने अन्य साथियों के साथ पहुंचा। जहां उसे पीटकर छत से नीचे फेंक दिया। उसके बाद उस पर ईट-पत्थर से हमला कर दिया। वहीं उसके बेटे सनावल को पीटकर उसकी आंख पर गहरी चोट मारी। हमलावर उन्हें धमकी देकर फरार हो गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचे। जहां चिक्तिसक ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी। मामले को लेकर परिवाद में अपनी शिकायत दर्ज करवाई। उसके बाद पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी सतीश ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द हमलावरों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

---

# रोडवेज कर्मचारी 25 को निकालेंगे पेंशन आक्रोश मार्च

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर रोडवेज कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत



सोनीपत। बस अड्डा स्थित यूनियन कार्यालय के बाहर मांगों को लेकर प्रदर्शन करते रोडवेज कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा ने सोनीपत डिपो स्थित यूनियन कार्यालय पर बैठक बुलाई। जिसकी अध्यक्षता डिपो प्रधान मंजीत पहल ने की। जबकि मंच संचालन अनिल बड़ौली ने किया। बैठक में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर मंथन किया गया। कर्मचारियों ने मांगे पूरी नहीं होने पर 25 जुलाई को पेंशन आक्रोश मार्च निकालने का निर्णय लिया। इस दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई।

डिपो प्रधान मंजीत पहल ने बताया कि 25 जुलाई को दोपहर बाद तीन बजे काले कपड़े पहन कर सोनीपत बस अड्डे से सुभाष चौक तक पैदल मार्च निकाला जाएगा। जिसमें कर्मचारियों की एक ही मांग है कि पुरानी पेंशन बहाल करें। मंजीत पहल ने बताया कि इससे पहले भी कई बार आंदोलन किए गए हैं, जिसका इस सरकार पर कोई असर नहीं है। सरकार लगातार कर्मचारी हित की बातों को नजर अंदाज करती रही है। उन्होंने कहा कि या तो सरकार समय रहते पुरानी पेंशन बहाल करें, अन्यथा विधानसभा चुनाव में इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अगर फिर भी सरकार ने कर्मचारियों की आवाज नहीं सुनी तो एक सितंबर को पंचकूला में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। जिसमें रोडवेज के सभी कर्मचारी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। इसके बाद भी सरकार ने मांगे पूरी नहीं की तो आगामी रणनीति बनाकर बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस दौरान कई रोडवेज कर्मचारी मौजूद रहे।

---

# कार को पीछे से मारी टक्कर चालक गंभीर रूप से घायल

**गोहाना।** रोहतक-पानीपत हाईवे स्थित गांव मुंडलाना के निकट तेज रफ्तार क्रेटा ने पीछे से वाहन (मारुति सुजुकी केरी) को टक्कर मार दी। इससे वाहन पलट गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। क्रेटा एक ट्राले से भी टकरा गई। सदर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। पानीपत में अर्जुन नगर के दीपक ने पुलिस को बताया कि ड्राइवर की नौकरी करता है। वह सामान उतारकर वाहन को लेकर गोहाना से पानीपत की तरफ जा रहा था। उसके साथ में चचेरा भाई हिमांशु भी था। जब वे गांव मुंडलाना के पांस पहुंचे तो पीछे से क्रेटा ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। वाहन सड़क पर पलट गया और वे उसके अंदर फंस गए। राहगीरों ने उसे और हिमांशु को बाहर निकाला। क्रेटा ट्राला से जा टकराई। दीपक के अनुसार उसने अपने मालिक के पास फोन किया। मालिक उसे नागरिक अस्पताल लेकर गया, जहां से उसको बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

---

### हरियाणवी लोक नृत्य पर कार्यशाला आयोजित

**गोहाना।** हरियाणा कला परिषद कुरुक्षेत्र द्वारा गांव बुटाना स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए हरियाणवी लोक नृत्य कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला तीन अगस्त चलेगी। प्रशिक्षक सुधीर दिलावर एवं सह प्रशिक्षक राम भतेरी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। राम भतेरी ने कहा कि प्राचीन हरियाणवी लोक परंपराओं और नृत्यों को जीवित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। शिक्षक युवा पीढ़ी को हरियाणवी लोक परंपराओं से अवगत करवाएं। इसके लिए विद्यालयों में हरियाणली लोक नृत्य, नाटक, सांग पर आधारित गतिविधियां करवाई जाएं। नागेंद्र शर्मा ने विशेष रुचि लेकर इसके लिए जगह-जगह कार्यशालाएं प्रारंभ करवाई हैं।

---

# मांगों को लेकर 17वें दिन भी जारी रही सफाई कर्मियों की क्रमिक भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत



सोनीपत। क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

सीटू के बैनर तले शहरी ठेका सफाई कर्मचारियों ने निगम के ठेकेदार के कार्यालय के बाहर क्रमिक भूख हड़ताल, 17वें दिन भी पूर्वक जारी रही। धरने की अध्यक्षता प्रधान अजय कुमार टॉक ने की, संचालन सचिव नवीन कुमार ने किया। बदले की भावना से की गई करवाई को रद किया जाए। इस दौरान मांग उठाई गई कि बदले की भावना से हटाए गए व बदले की भावना से रोका गया वेतन वापस दो। ठेका प्रथा बंद की जाए ठेका सफाई कर्मचारियों को निगम के पे-रोल पर लो। नगर निगम में हर महीने करोड़ों रुपए का घोटाला किया जा रहा है सफाई के नाम पर शहर को लूटा जा रहा है। ठेका सफाई कर्मचारियों की समस्या का समाधान जल्द ही नही हुआ तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। धरने को सुनीता, पवन, सनी, अमित, देवराज, मदन, अमित ने भी संबोधित किया।

---

# पुलिस रेंज गेम्स कुश्ती प्रतियोगिता में अनिल ने जीते दो कांस्य पदक

- कुश्ती स्पर्धा में 86 किलोग्राम भारवर्ग फ्री स्टाइल व 82 किलोग्राम भारवर्ग रोमन में जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत



सोनीपत। कर्मचारी का सम्मानित करते हुए पुलिस अधिकारी।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम सोनीपत नरेन्द्र कादयान ने मधुबन में आयोजित 45वें हरियाणा पुलिस रेंज गेम्स की कुश्ती प्रतियोगिता में 2 कांस्य पदक जीतकर लाने वाले सोनीपत पुलिस के सिपाही अनिल को सम्मानित किया। पुलिस उपायुक्त पश्चिम सोनीपत नरेन्द्र कादयान ने बताया कि मधुबन में आयोजित 45वें हरियाणा पुलिस रेंज गेम्स की कुश्ती स्पर्धा में 86 किलोग्राम भारवर्ग फ्री स्टाइल व 82 किलोग्राम भारवर्ग रोमन में कांस्य पदक लाने वाले सिपाही अनिल की तैनाती प्रवाचक शाखा पुलिस उपायुक्त पश्चिम जोन सोनीपत में है। पुलिस उपायुक्त ने सिपाही का हौंसला बढ़ाते हुए उसे प्रंशसा पत्र से सम्मानित कर उसके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। सिपाही अनिल इससे पहले भी कई बार पदक ला चुके है।

---

# 147 शिकायतें मिलीं, 7 का मौके पर समाधान



सोनीपत। समाधान शिविर में पहुंचे लोगों की शिकायतें सुनते हुए अधिकारी।

**सोनीपत।** लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए जिला व उपमण्डल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनी। इस दौरान आई 147 शिकायतों में से 07 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया और 140 शिकायतों को समाधान के लिए संबंधित विभागों को सौंपा गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाली जो भी शिकायत आपके पास भेजी जाए उसका यथाशीघ्र निपटारा करें। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा लोगों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जा रहा है। परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों से संबंधित शिकायतों का मौके पर ही निपटान किया जाता है। प्रोपर्टी आईडी से संबंधित शिकायतों को नगर निगम द्वारा निपटाया जा रहा है। इस मौके पर डीसीपी नरेन्द्र सिंह, एसडीएम सोनीपत अमित कुमार, डीआरओ हरिओम अत्री, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

---

### भाजपा ने 10 साल में हरियाणा का भट्टा बिठा दिया

# 15 सवालों से तिलमिलाई भाजपा : दीपेंद्र

- हरियाणा मांगें हिसाब अभियान के तहत सोनीपत विधानसभा में सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने निकाली पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत



सोनीपत। पदयात्रा के दौरान मौजूद कांग्रेस नेता, पदाधिकारी एवं सदस्य।

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा आज 'हरियाणा मांगे हिसाब' अभियान के तहत सोनीपत शहर विधान सभा क्षेत्र में सेक्टर 14 मार्केट से सुभाष चौक तक पदयात्रा की। इससे पहले अपने सम्बोधन में उन्होंने प्रदेश की बीजेपी सरकार पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि जब से हरियाणा मांगे हिसाब की चार्जशीट जारी हुई है, पूरी भाजपा सरकार तिलमिलाई हुई है। उनको जनता के सवालों का जवाब नहीं मिल रहा है। प्रदेश में केंद्रीय नेताओं को बुलाया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री अपनी सरकार के 11 काम गिनाने की बजाय कांग्रेस और हुड्डा जी से 11 सवाल पूछ रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि उनके पास भी बताने को कुछ नहीं है। हरियाणा में बीजेपी सरकार घोषणावीर सरकार बन चुकी है। भाजपा कोरी बयानबाजी करने की बजाय अपने 10 साल के काम बताए और किये गए काम के आधार पर लोगों से वोट मांगे। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि इनके काम चवन्नी के और घोषणाएं 10 रुपये की करते हैं। भाजपा सरकार ने जब 10 साल में काम नहीं किया तो बचे हुए 2 महीने में क्या काम करेगी। लोग इस बात को समझ चुके हैं और बेसब्री से कांग्रेस सरकार बनने का इंतजार कर रहे हैं।

### बेरोजगारी, अपराध का हब बना सोनीपत

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस की हुड्डा सरकार ने जिस सोनीपत को देश के शिक्षा का केंद्र बनाया उसे बीजेपी ने बेरोजगारी, अपराध व नशे का हब बना दिया। उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार के समय सोनीपत में राजीव गांधी एजुकेशन सिटी की स्थापना हुई। सोनीपत में 5 सरकारी विश्वविद्यालय स्थापित किये गये थे। यहां बाबा साहब भीमराव अंबेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, चौ. छोटूराम यूनिवर्सिटी बनी, भगत फूलसिंह महिला यूनिवर्सिटी खानपुर, निफ्टम, ट्रिपल आईटी समेत कई प्राईवेट यूनिवर्सिटी लेकर आये। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने यहाँ 10 साल में कोई नया विश्वविद्यालय, कॉलेज, स्कूल खोलना तो दूर है।